मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक :** छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 अंक - 43 मुंबई, सोमवार, दिनांक 17 जुलाई से 23 जुलाई 2023 पृष्ठ : 04 कीमत : 3 /- रुपये

आप सभी को
महा शिवरात्रि
के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।
कदम कदम पर
परिवार की तरफ से हार्दिक शुभेच्छा!

भले ही हमारी ताकत बढ़ गई है लेकिन इसका दुरुपयोग नहीं करेंगे - देवेंद्र फडणवीस

महाराष्ट्र मानसून सत्रः

मुंबई : महाराष्ट्र विधानसभा के मानसून सत्र की पूर्व संध्या पर राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हम सभी मुद्दों पर चर्चा करेंगे। हमारी ताकत बढ़ गई है लेकिन हम इसका दुरुपयोग नहीं करेंगे। विपक्ष द्वारा उठाए जाने वाले लोगों के कल्याण से संबंधित सभी मुद्दों का समाधान करेंगे।

देवेंद्र फडणवीस ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, महाराष्ट्र विधानमंडल का मानसून सत्र कल से शुरू हो रहा है। हम सत्र के दौरान सभी मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, भले ही हमारी ताकत बढ़ गई है, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम इसका दुरुपयोग न करें। हम विपक्ष द्वारा उठाए जाने वाले लोगों के कल्याण से संबंधित सभी मुद्दों का समाधान करेंगे। आज स्थिति ऐसी है कि हमारी सरकार के एक साल के प्रदर्शन के कारण महाराष्ट्र एफडीआई में नंबर एक स्थान पर है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र विधानसभा के मानसून सत्र से पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा आयोजित पारंपरिक चाय पार्टी में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार समेत कई नेता शामिल हुए। हालांकि, विपक्ष ने इसका बहिष्कार किया है।

विपक्ष द्वारा चाय पार्टी का बहिष्कार करने पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, हमेशा की तरह विपक्ष ने मानसून सत्र के चाय कार्यक्रम का बहिष्कार किया। हम सत्र के दौरान सभी मुद्दों पर चर्चा करेंगे। 210 से अधिक विधायक हमारे (मौजूदा सरकार) साथ हैं। अगर हम गलत कर रहे हैं तो विपक्ष को हमसे सवाल करना चाहिए, सवाल लोगों के कल्याण के लिए उठाया जाना चाहिए। जब सरकार कुछ सही करती है तो सरकार की प्रशंसा करना विपक्ष का कर्तव्य है।

उद्धव गुट के नेता और विधायक सुनील राउत ने कहा, हम पारंपरिक चाय पार्टी (मानसून सत्र से पहले सरकार द्वारा आयोजित) का बहिष्कार करेंगे। लोग भ्रमित हैं कि सीएम कौन है- एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फड़नवीस या अजीत पवार ... महाराष्ट्र में केवल दो ब्रांड हैं, एक ठाकरे ब्रांड और दूसरा शरद पवार ब्रांड।

महाराष्ट्र में कमजोर होती जा रही' NCP।!

अब कांग्रेस करेगी विधानसभा में नेता विपक्ष के पद पर दावा

कांग्रेस विपक्ष के पद पर करेगी दावा

विधानसभा में नेता विपक्ष चुने जाने के सवाल पर कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट ने कहा कि विपक्षी पार्टी के तौर पर विधानसभा में सबसे ज्यादा विधायकों की संख्या हमारे पास है. इस लिहाज से हम विधानसभा में नेता विपक्ष के पद पर दावा करेंगे.

मुंबई : महाराष्ट्र विधानसभा का मानसून सत्र कल यानी सोमवार (17 जुलाई) से शुरू होगा. मानसून सत्र के शुरू होने से एक दिन पहले रविवार (16 जुलाई) को विधानभवन में महा विकास आघाड़ी के नेताओं की मीटिंग हुई. मानसून सत्र से पहले महा विकास आघाड़ी की तरफ से बुलाई गई इस मीटिंग में कई नेता शामिल हुए. वहीं, कांग्रेस ने विपक्ष के पद पर दावा करने की बात कही.

जिसमें राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले कांग्रेस नेता, बालासाहेब थोराट, भाई जगताप, शिवसेना (UBT) से विधान परिषद में नेता विपक्ष अंबादास दानवे, आदित्य ठाकरे, विधायक सुनील प्रभु, और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) से नेता एकनाथ खडसे, जितेंद्र आव्हाड और जयंत पाटिल शामिल थे. मीटिंग के बाद महा विकास आघाड़ी के नेताओं ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर शिंदे सरकार को घेरते हुए ये कहा कि एकनाथ शिंदे असंवैधानिक मुख्यमंत्री हैं. सरकार को किसानों की कोई चिंता नहीं है. ईडी और सीबीआई का गलत इस्तेमाल करते हुए विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है.

तीन दिवसीय कजरी कार्यशाला का चुनार दुर्ग में हुआ समापन

अंतर्राष्ट्रीय कजरी गायिका मालिनी अवस्थी ने एक से बढ़कर एक कजरी की प्रस्तुति कर श्रोताओं का मन मोह लिया

पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद ने मालिनी अवस्थी को नगर के जनता की ओर से राधा कृष्ण की मूर्ति भेंटकर किया सम्मान।

चुनार दुर्ग में एनसीएल द्वारा आयोजित कजरी कार्यक्रम में कजरी गीत प्रस्तुत करती अंतर्राष्ट्रीय गायिका मालिनी अवस्थी अपने शिष्यों के साथ।

चुनार दुर्ग में एनसीएल द्वारा आयोजित कजरी कार्यक्रम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कजरी गायिका मालिनी अवस्थी को राधा कृष्ण की मूर्ति भेंट करते पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद।

चुनार दुर्ग में एनसीएल के तत्वावधान में आयोजित कजरी कार्यक्रम के दौरान मौजूद जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व अन्य अतिथिगण ।

शिवा शर्मा

चुनार। चुनार दुर्ग स्थित डाक बगले में एन सी एल के तत्वावधान में आयोजित ह्लरिमझिम बरसे बदरियाह्व तीन दिवसीय कजरी की कार्यशाला का समापन रविवार को हुआ। कार्यक्रम की प्रस्तुति सोनचिरैया संस्था द्वारा की गई। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय कजरी गायिका मालिनी अवस्थी ने देश प्रदेश के अपने बीस महिला शिष्यों के साथ कजरी गीत की प्रस्तुत किया। उन्होंने ठुमरी कजरी बैठी सोचय बृजबाला, नाही आए घनश्याम, बरसन लागे बदरिया घूम घूम के, तीज पर आधारित कजरी कवन रंग मूंगवा कवन रंग मोतिया, कवन रंग ननदी तोहे नीक लागे, मीरजापुर कजरी पिया मेंहदी लिया द मोतीझील से जाके साईकिल से, कजरी चौमासा गीत बरसन लागी सावन बूंदियां, पियां लागे न मोरी अखियां, ननद भौजाई की कजरी गीत कइसे खेले जइबू सावन में कजरिया, बदरिया घिर आई ननदी, सेजिया पर लोटे काला नाग हो कचौडी गली सून कइल बलमू, मीरजापुर कइला गुलजार हो कचौडी गली सून कइला बलूम आदि कजरी गीत प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया।श्रोताओं की मांग पर एक से बढ़कर कजरी गीत प्रस्तुत कर तालियां बटोरी।

कलाकारों का हुआ सम्मान

चुनार दुर्ग में आयोजित कजरी कार्यक्रम में अतिथि कलाकार के रूप उपस्थित पद्मश्री अजीता श्रीवास्तव, उर्मिला श्रीवास्तव, लोकगीत व कजरी गायक डॉ मन्नू यादव को भी जिलाधिकारी व एनसीएल के अधिकारियों ने स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया।

कजरी गीत की प्रस्तुति कर रही अंतर्राष्ट्रीय गायिका मालिनी अवस्थी को नगर की जनता की ओर से पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद ने राधा कृष्ण की मूर्ति भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। अन्य शिष्यों को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, एनसीएल के एमडी भोला सिंह, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में रहे मौजूद। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ला, भू राजस्व सत्य प्रकाश सिंह, एसडीएम नवनीत सेहारा, एनसीएल के एमडी भोला सिंह, सोन चिरैया संस्था की अध्यक्षा डॉ विद्या बिंदु सिंह, डायरेक्टर मनीष कुमार, डायरेक्टर टेक्निकल सुनील कुमार, पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद जेएस पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अखिलेश सिंह, डॉ सत्यवान श्रीवास्तव, सभासद रामलाल, करतार सिंह, जगदीश गुप्ता, हेमंत कुमार पांडेय, प्रमुख मौजूद रहे।

मीरजापुर की सांस्कृतिक धरोहर है कजरी - मालिनी अवस्थी

चुनार। विश्व प्रसिद्ध कजरी की पहचान मीरजापुर से है इस विधा के बारे अंतर्राष्ट्रीय कजरी गायिका मालिनी अवस्थी ने कहा कि कजरी एसी, बंद कमरे, आडिटोरियम में नही बल्कि प्राकृतिक छठाओं में रहकर सीखने की कला है। मीरजापुर की यह कजरी जीवंत बनी रहे इसके लिए ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए जिससे युवा पीढ़ी अपने इस सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने के प्रति जागरूक हो सके।

संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

चंद्रयान-3

इसरो ने शुक्रवार को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से अपने चंद्रयान-3 को चांद के लिए रवाना कर दिया और इसके साथ ही आम भारतीयों ने 23-24 अगस्त का इंतजार शुरू कर दिया है, जब इसे चांद की सतह पर उतरना है। पिछला मिशन यानी चंद्रयान-2 हर चरण को सफलतापूर्वक पार करने के बाद इसी में नाकाम हो गया था। सॉफ्ट लैंडिंग करने के बजाय वह तेजी से चांद की सतह से जा टकराया और क्षतिग्रस्त हो गया। बड़ी बात यह कहिए कि न तो वह नाकामी हमारे मनोबल को कमजोर कर सकी और न ही उसने हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम की संभावनाओं को प्रभावित किया। यह सही है कि चंद्रयान-2 के बाद चंद्रयान-3 को रवाना करने में चार साल लगे, जिसे बहुत कम नहीं कहा जा सकता, लेकिन इस बीच कोरोना महामारी से उपजी चुनौतियां भी हमारे रास्ते में आईं थीं। बहरहाल, हमारे संकल्प के सबूत के तौर पर चंद्रयान-3 अंतरिक्ष में जा चुका है। निश्चित रूप से इस मिशन की कामयाबी काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन यह एक लंबे सिलसिले की बस शुरूआत है। चांद पर इसकी सफल सॉफ्ट लैंडिंग भारत को उन देशों के क्लब में सम्मानपूर्ण प्रवेश देगी जिसके अभी सिर्फ तीन सदस्य हैं- अमेरिका, रूस और चीन। भारत ऐसा करने वाला चौथा देश होगा। लेकिन इससे बड़ी बात यह है कि यह मिशन इसरो के आगामी अंतरिक्ष अभियानों का रास्ता साफ करेगा। सूर्य के अध्ययन के लिए आदित्य एल इसी साल लॉन्च किया जाना है। पृथ्वी के वातावरण और उसकी सतह के अध्ययन के लिए अमेरिका के साथ एक जॉइंट मिशन 2024 में तय है और अंतरिक्ष में भारत का पहला मानव मिशन गगनयान 2025 में छोड़ा जाना है। ध्यान रहे, इसी साल 21 जून को भारत ने अमेरिका की अगुआई वाले संयुक्त चंद्र अभियानों से जुड़े आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इससे जहां भारत को स्पेस टेक्नॉलजी में अमेरिकी महारत का फायदा मिलेगा, वहीं इसरो के कॉस्ट इफेक्टिव लॉन्च फैसिलिटी का भी बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सकेगा। यही नहीं, समझौते में शामिल अन्य देशों - फ्रांस, जापान और ऑस्ट्रेलिया- के साथ भी करीबी सहयोग का मौका मिलेगा। इस बीच देश में स्पेस एक्सप्लोरेशन का जो इकोसिस्टम विकसित हुआ है, उसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। गौर करने की बात है कि चार साल पहले यानी चंद्रयान-2 लॉन्च किए जाते समय देश में स्पेस सेक्टर की मात्र 10 स्टार्टअप कंपनियां थीं। अब इनकी संख्या बढ़कर 140 हो गई है। इसरो ने सुविचारित ढंग से स्पेस सेक्टर में प्राइवेट कंपनियों के लिए गुंजाइश बनाई है जिसका एक फायदा यह भी है कि वह अब अपनी ऊर्जा स्पेस साइंस से जुड़े कोर एरिया में केंद्रित कर सकेगा।

दूषित खानपान के प्रति जागरूक रहें: पूजा तिवारी

प्राथमिक शाला तारबाहर में हुआ डायरिया बीमारी पर जागरूकता कार्यक्रम

शास. प्राथ. शाला घोड़ादान

बिलासपुर, छत्तीसगढ़। प्राथमिक शाला तारबाहर में सुरक्षित शनिवार के तहत डायरिया की बीमारी पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शाला की प्रधान पाठिका पूजा तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि बच्चे इस मौसम में खानपान का विशेष ध्यान रखें। साफ सफाई रखकर हम डायरिया से अपना बचाव कर सकते हैं। साफ पानी का उपयोग करें। बेहतर हो हम ज्यादा से ज्यादा उबले पानी का इस्तेमाल करें।

पूजा तिवारी ने कहा कि फास्ट फूड, बाहर के भोजन और पैकड फूड का सेवन बिल्कुल ना करें। किसी भी तरह की पेट दर्द की शिकायत हो तो तत्काल डॉक्टर से सम्पर्क करें। हाथ की साफ सफाई का विशेष ख्याल रखें। इस अवसर पर शाला की शिक्षिका माधुरी निर्मलकर ने बच्चों को डायरिया के लक्षण और इससे बचाव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ हम लोग भी बच्चों सी जिंदगी जीते हैं और बच्चे भी हमारी बातों को अमल में लाते हैं। बच्चों को सांसारिक बनाने में सभी शिक्षिकाएं अपने स्तर पर प्रयास करती हैं । प्रधान पाठिका पूजा तिवारी ने बताया कि हर शनिवार को विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। बच्चे बारिश होने पर इंडोर गेम्स खेलते है । लूडो, शतरंज, कैरम बोर्ड और सांप सीढी इनमें विशेष है। कार्यक्रम में प्रधान पाठक पूजा तिवारी, सहायक शिक्षिका ईश्वरी अय्यर, माधुरी निर्मलकर उपस्थित थे।

भारतीय संस्कृति को पश्चिमी शिक्षा पद्धति से बचाने की जरूरत

HEMA FOUNDATION
हेमोत्सव 2023
TMC SCHOOL No.77
Fifty One Thousand Only/-
51000/-

मुंबई। कवि डॉ. कुमार विश्वास ने कहा कि पश्चिमी शिक्षा पद्धति हमारी भारतीय संस्कृति को विनाश के कगार पर लाकर खड़ी कर दी है। अगर इसे बचाना है तो गुरुओं को समय के अनुकूल चन्द्रगुप्त का निर्माण करना होगा। हेमा फाउंडेशन की ओर से योगी सभागार में आयोजित हेमोत्सव 2023 में उन्होंने कहा कि अध्यापक समाज का निर्माण करता है। समाज में जिस तरह की विकृतियां फैली है उसे रोकने के लिए हमें शिक्षा क्षेत्र में बदलाव करने होंगे। कुमार विश्वास ने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने वालों को पता नहीं है कि पहले भारत विश्व गुरु था। आज भले ही लाइट, मोबाईल जैसे उपकरणों का ईजाद विदेशियों ने की है। पहनाओ में कमीज पुर्तगाली,सूट यूरोप आदि ने की हो लेकिन भारत में वर्षों पूर्व हमारी रहन सहन दुनिया से आगे थी। ज्ञान की परंपरा भारत से शुरू हुई।

विश्वास ने कहा कि सत्ता में बैठा व्यक्ति अहंकारी होता है। राजा मिट जाता है लेकिन कविता कवि नहीं मिटती। ताज महल की आयु हो सकती कविता की आयु नहीं हो सकती। जब तक यह धरती रहेगी कबीर, सूर, मीरा,रसखान जैसे कवियों की कविताओं का स्वर गूंजता रहेगा। उन्होंने कहा कि इस देश में कई समस्याएं हैं मगर अमृतत्व इसी मिट्टी में है। हमारी संस्कृति में जिज्ञासा मूल है।

हेमा फाउंडेशन के प्रबंध न्यासी महेन्द्र काबरा ने कहा कि नैतिक शिक्षा के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सकता है। इस अवसर पर फाउंडेशन के परामर्शदाता रामेश्वर लाल काबरा, गीता परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय मालपानी, अभिनेता मनोज जोशी, हेमा फाउंडेशन की क्रिएटिव डायरेक्टर व ट्रस्टी अनीता माहेश्वरी, ट्रस्टी डॉ. चीनू अग्रवाल, दिलीप माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

सांसद मनोज कोटक परिवार के निदेशक मंडल, आदि अलोर के निदेशक मंडल कंजूर भांडुप जनता और पार्टी के सभी कार्यकर्ता और नागरिक परिवार गार्डन में नियोजित हिंदू, मुस्लिम कब्रिस्तान स्थल का निरीक्षण करने के लिए उपस्थित थे। उन्होंने उक्त स्थल पर कब्रिस्तान का आरक्षण रद्द करने तथा स्वीमिंग पूल व स्वास्थ्य संबंधी योजना बनाने का वादा किया. उन्होंने अगले आठ से दस दिनों में कंजूर भांडुप में उग रही अनधिकृत झोपड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करने का भी वादा किया। - श्रीमती. रजनी रवीन्द्र कदम (विधानसभा अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा)

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
कदम कदम पर
संरक्षक
जे.पी. शर्मा
संपादक
छोटेलाल शर्मा
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
अनिल शर्मा
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)
राजन शर्मा
आर्थिक सलाहकार
सतीशचंद्र गुप्ता
प्रतिनिधि
सौरभ उमेश प्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा
कानूनी सलाहकार
एड. बी.एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
मो. ९४५२७९१५७०
(न्याय क्षेत्र मुंबई)
सभी पद अवैतनिक हैं
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

मौसम कुछ उदास है

न जाने कितने रिश्ते
उदास है आशियानों में
कुछ वो न समझ पाए या
शायद हम समझा नहीं पाए
****
बहुत बहाने मिलेंगे क्योंकि
दिल में लगाव अब भी है
मौसम कुछ उदास है
कुछ दिल उदास है
****
मोहब्बत के अलाव भी
और भी फर्ज निभाने को
मंजिल भी नही दिखती
टूटे आशियाने की
****
मगर है खुदा पर यकीन
आ के कोशिश वो भी
करेगा अपनो से मिलाने की
कई दुश्मन ताक मे होगे
****
ये रिश्ता तोड़ वाने मे
वो लाख कोशिश कर लें
हमे भूल जाने की मगर
तू मोहब्बत है मेरी
****
रूह में मेरी हो तुम
कायनात भी एक दिन
कोशिश करेगी हमे मिलने की
इतफाक से अभी दूर है
****
मौसम कुछ उदास है
कुछ हालात खराब है....
सावन भी आएगा एक दिन
ऋतू बदल जानें पर .....
****

सविता मोदी
(मंडला, म.प्र.)

टमाटर चोरी की वारदात...

नई मुंबई : नई मुंबई स्थित एपीएमसी मार्केष्ट से टमाटर चोरी की वारदात सामने आई है। पिछले कई दिनों से दो लोग मिलकर बाजार में आए टमाटर चोरी कर रहे थे। जब बाजार के व्यापारियों को टमाटर चोरी होने की बात मालूम पड़ी तो उन्होंने बाजार में लगे सीसीटीवी वैष्ठमरे चेक किए, जिसमें दो लोग टमाटर चोरी करते हुए दिखाई दिए। दूसरे दिन व्यापारियों ने जब एक चोर को पकड़ लिया और उसकी पिटाई की तो उसने व्यापारियों से वादा किया कि वो लोग उसे न मारें, जबकि उसके साथ चलकर अपने टमाटर ले लें। जब व्यापारी उसके साथ टमाटर वापस लेने के लिए जा रहे थे तो अचानक वह चोर गायब हो गया। व्यापारियों ने उसके एक दूसरे साथी को भी पकड़ लिया, लेकिन वह भी मार खाने के बाद भाग निकला। इस घटना के बाद से अब व्यापारी रात में भी अपने टमाटर की रक्षा करने के लिए विवश है।

वहीं दूसरी तरफ देशभर में टमाटर की बढ़ती कीमतों के बीच महाराष्ट्र के पुणे जिले में टमाटर की खेती करने वाला एक किसान मालामाल हो गया है। तुकाराम गायकर और उसके परिवार ने एक महीने में १३ हजार टमाटर के क्रेट बेचकर १.५ करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की है। तुकाराम के पास १८ एकड़ कृषि भूमि है और १२ एकड़ भूमि पर वह अपने बेटे ईश्वर गायकर व बहू सोनाली की मदद से टमाटर की खेती करते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, गायकर ने शुक्रवार को कुल ९०० क्रेट बेचे, जिससे एक ही दिन में १८ लाख रुपए की कमाई हुई। पिछले महीने उन्होंने एक हजार से चौबीस सौ प्रति क्रेट की कीमत पर टमाटर की बिक्री की थी।

रुद्राभिषेक - समाजवादी पार्टी सीखड़ (मिजार्पुर) ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम विश्वकर्मा के निवास स्थान सुरसी में शिव रुद्राभिषेक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। सावन महीने के पहले सोमवार को आयोजित इस समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

आंगनबाड़ी केन्द्र पर गोद भराई का रस्म पूर्ण किया गया

सीखड़, माह के दूसरे मंगलवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी वाडी वर्मा के आदेशानुसार प्रभारी सीडीपीओ धनदेई देवी के देख रेख में परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्र लालपुर की कार्यकत्रीय स्नेहलता पांडेय द्वारा मासिक कलेंडर के अनुसार प्रथम त्यैमास की गर्भवती महिला प्रिती गुप्ता पत्नी संजय कुमार का गोदभराई रस्म पूर्ण किया जिसमें लालपुर की कार्यकत्री स्नेहलता पांडेय ने अपने पंजीकृत गर्भवती महिला प्रिती गुप्ता, के आंचल में पौष्टिक आहारों की सामग्री और माह जून राशन देकर गोदभराई का रस्म पूरा किया कार्यकत्रीय ने गर्भवती महिला को हरे साग सब्जी मौसमी फल दूध सहजन की फली पत्ती का सेवन करने 8 से 10 घंटे तक आराम करने आयरन की गोली का सेवन करने, समय से स्वास्थ परिक्षण एवं टीकाकरण कराने, तथा वर्तमान में चल रहे संभव अभियान के बारे में उपस्थित महिलाओं को बताया की 6 माह आयु तक के बच्चों को केवल मां का स्तनपान कराए इसी तरह खान पान साफ सफाई स्वस्थ रहने के बारे में विन्दुवार जानकारी देते हुए डीआई के अनुसार माह जून राशन भी वितरण किया। तथा मासिक गतिविधि पंजिका एवं वितरण पंजिका पर लेखन कार्य पूर्ण किया।

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सहायिका अनीता पांडेय पोषण पंचायत समिति की अध्यक्ष फरजाना बानो , महिला ग्राम पंचायत सदस्य पुष्पा देवी, मातृ समिति की अध्यक्ष निर्मला देवी, किशोरी बालिका श्रुति, खुशबु,आंचल,शाला पूर्व शिक्षा के बच्चों सहित महिला अभिभावक उपस्थित रही।

नवकुंभ द्वारा श्रावणी बहार पर हुआ राष्ट्रीय कवि सम्मेलन

नव कुम्भ साहित्य सेवा संस्थान
साहित्य सेवा, सर्वोच्च सेवा
स्थापना वर्ष 2020
शर्मा दीप

मुंबई, साहित्यिक,सामाजिक,सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक राष्ट्रीय संस्था नवकुंभ साहित्य सेवा संस्थान के तत्वाधान में सावन के पवित्र महीने में सावन की फुहार के संग राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन आनलाइन किया गया। जिसके अध्यक्ष संस्थापक प्रीतम श्रावस्तवी एवं मुख्य अतिथि सह संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार राही रहे।मंच का संचालन कवियत्री सीमा नयन,विनय शर्मा दीप,योगेश बहुगुणा एवं कवियत्री ममता सिंह ने किया।आमंत्रित साहित्यकारों में जौनपुर उत्तर प्रदेश से वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर मलय तिवारी,देवरिया से कवियत्री अंजलि अरोड़ा खुशबू,रायपुर छत्तीसगढ़ से लोकनाथ साहू ललकार,दिल्ली से इंद्रजीत सिंह इंद्र, कन्नौज से वरिष्ठ साहित्यकार ज्योतिविंद पंडित कुलकांत मिश्र अबोध,यमुना विहार दिल्ली से विवेक गोयल,कंबोडिया से कहानी कार कवि कैस जौनपुरी,मुजफ्फरनगर से उमेश कुमार शर्मा,कवियत्री नूतन सिंह एवं अंधेरी मुंबई से हर्ष किन्नू ह्ल हर्ष अदीब ह्ल मुख्य रूप से उपस्थित थे। उपस्थित सभी साहित्यकारों ने सावन के महीने पर चर्चित कजरी, गीत, गजल, छंद की बरसात की जिसे सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हुए। कवि सम्मेलन के पश्चात संस्था द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया तथा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

वरिष्ठ समाज सेवक मंगला शुक्ला का जन्म दिवस समारोह संपन्न

मुंबई, भांडुप के वरिष्ठ कांग्रेस नेता,समाज सेवक मंगला शुक्ला का जन्म दिवस समारोह कांग्रेस कार्यालय भांडुप प.पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर सुरेश कोपरकर (पुर्व नगरसेवक), डॉ.सचिन सिंह (महासचिव उत्तर भारतीय सेल, महाराष्ट्र कांग्रेस),अजय पटेल (अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस), गुलाब दुबे,संदीप जलगांवकर, मनोज सिंह, एड.योगिता दुबे,राकेश मिश्रा,सहित कई गणमान्य लोगों ने शाल एवम पुष्प गुच्छ भेंट कर मंगला शुक्ला को सफल, स्वस्थ एवम दीघार्यु होकर भांडुप के लोगों की सेवा करने हेतु शुभ कामनायें प्रदान किया।

मुलुंड कांग्रेस द्वारा नोटबुक वितरण कार्यक्रम संपन्न

मुंबई- मुलुंड कांग्रेस द्वारा सेवक संस्था के सहयोग से विश्व सहकार, बी-1, सांई श्रद्धा सोसायटी, रोहिदास नगर, मुलुंड प.पर नोटबुक वितरण कार्यक्रम का आयोजन सानु शेख द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथी के रूप में चरण सिंह सप्रा (कार्याध्यक्ष मुंबई कांग्रेस), कांतिलाल कोथिंबिरे (वरिष्ठ पोलिस निरीक्षक, मुलुंड पोलिस स्टेशन), अब्राहम राय मणी (अध्यक्ष ई.मुंबई जिला कांग्रेस), डॉ.बाबुलाल सिंह (वरिष्ठ कांग्रेस नेता), उत्तम गीते(कार्याध्यक्ष जिला कांग्रेस), कांग्रेस नेता कैलाश पाटील, भरत सोनी, नीता बेन जोशी, हीरामन संसारे, हेमकिरण जंगम, राकेश राघवन, विठ्ठल सातपुते, अतुल जोशी, आकाश पांडे, धर्मेश सोनी, शरीफ खान, हरीश गुप्ता, राजेश गायकवाड, रिजवान, कौशल्या गायकवाड, कालिंदा शिंगाडे, द्वारा जरूरत मंद विद्यार्थियों को नोटबुक प्रदान किए गए।

दि.१६ रोजी सिल्वर ओक निवासस्थानी पूर्व संधेला काँग्रेस नेत्यांनी घेतली मा. शरद पवार साहेबांची भेट मा.खा. हुसेन दलवाई यांच्या नेतृत्वाखाली प्रदेश काँग्रेस नेते राजन भोसले, प्रा. प्रकाश सोनवणे, रूफी भुरे, निलेश घाग, मोइस शेख इ. नेते या भेटीत होते. या चर्चे दरम्यान राष्ट्रवादीचे प्रांत अध्यक्ष मा. जयंत पाटील, मा. जितेंद्र आव्हाड उपस्थित होते. राज्यातील आजच्या राजकीय उलथा पालथी संदर्भात या बैठकीत चर्चा झाली. देश पातळीवर पुनश्चः काँग्रेस एकसंघ झाला पाहिजे असे विधान मा. शरद पवार साहेबांनी केले. इन

महाराष्ट्र शासन
कार्यकारी अभियंता, एकात्मिकृत घटक (सा.बां.) विभाग, यांचे कार्यालय
Email :- integratedmumbai.ee@mahapwd.com
दुरध्वनी क्र. २२०१६९७४ फॅक्स क्र. २२०१६९७६
ई-निविदा सुचना क्र. २३ सन २०२३-२४ (दुसरी मागणी)

कार्यकारी अभियंता, एकात्मिकृत घटक (सा.बां.) विभाग, फोर्ट, मुंबई-०१ (दुरध्वनी क्र.०२२-२२०१६९७४-७६) महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिक बांधकाम खात्याकडून योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकत **मजूर सहकारी संस्थांकडून (फक्त बृहन्मुंबई शहर)** खालील कामांकरीत **"ब-१"** नमुन्यातील निविदा ई-निविदा प्रणालीव्दारे (ऑनलाईन) निविदा मागवित आहोत. निविदा कागदत्र शासनाच्या संकेतस्थळावर **http://mahatenders.gov.in** येथून डाऊनलोड करण्यांत यावी. तसेच निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकरण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, एकात्मिकत घटक (सा.बां.) विभाग, फोर्ट, मुंबई, यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

अ. क्र.	कामाचे नाव	अंदिजित रक्कम रुपये
१	सेंट जॉर्जेस हॉस्पिटल कंपाऊंड, मुंबई येथील नर्सिंग हॉस्टेलला पाण्याची टाकी आणि प्लंबिंग फिटिंग प्रदान करणे आणि दुरुस्त करणे.	९२०५३०/-
२	ग्रँट मेडिकल स्टुडंट असोसिएशन जिमखाना मरीन लाइन्स मुंबईच्या अंतर्गत आणि बाह्य फ्लोअरिंग, प्लास्टर आणि फॉल्स सीलिंग पेंटिंगचे नूतनीकरण.	१९३७५७५/-

(एकूण ०२ कामे)

ई-निविदा उपलब्ध कालावधी : **दि. १७/०७/२०२३ सकाळी १०.३० पासून ते दि. २४/०७/२०२३ रोजी १७.०० पर्यंत**
ई-निविदा उघडणे (शक्य झाल्यास) : **दि. २७/०७/२०२३ रोजी १५.०५ वाजता**

खालील संकेतस्थळावरुन ई-निविदाची सर्व माहिती उपलब्ध आहे. १. http://mahapwd.com २. http://mahatenders.gov.in ३. कार्यकारी अभियंता, एकात्मिकृत घटक (सा.बां.) विभाग, फोर्ट मंबई कार्यालयातील सूचना फलक.

जा.क्र.एघ(सा.बां.)/निविदा/ ८299
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय,
एकात्मिकृत घटक (सा.बां.) विभाग, बांधकाम भवन,
२ रा मजला, २५ मर्झबान पथ, फोर्ट, मुंबई-४०० ००१.
दुरध्वनी क्र. ०२२-२२०१६९७४/७६
दिनांक १०/७/2023

कार्यकारी अभियंता,
एकात्मिकृत घटक (सा.बां.) विभाग,
मुंबई-४०० ००१.

पत्रकार एकता संघ के नेतृत्व में मंडल मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा के द्वारा

सर्वोदय इंटर कॉलेज खुदौली में किया गया वृक्षारोपण

जौनपुर। दिनांक 13 जुलाई 2023 को पत्रकार एकता संघ के नेतृत्व में सर्वोदय इंटर कॉलेज खुदौली खेतासराय जौनपुर के प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया गया जिसके मुख्य अतिथि पत्रकार एकता संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा जी व विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी शाहगंज सोंधी नंदलाल कुमार वाराणसी मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार गौतम ,एवं थाना खेतासराय के उपनिरीक्षक महंगू यादव रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में वाराणसी मंडल मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा जी ने मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष जी का स्वागत एवं अभिनंदन व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य और अध्यापकों के साथ वृक्षारोपण किया गया इसके साथ ही विद्यालय के अध्यापक व छात्र छात्राओं को वृक्ष की देखभाल का निवेदन किया गया क्योंकि पेड़ पौधों से ही हमे छाया, ऑक्सीजन व फल मिलता है। प्रधानाचार्य अनिल उपाध्याय ने कहा की वृक्षों की मानव जीवन में अहम उपयोगिता होती है इसलिए वृक्षों का संरक्षण करना चाहिए उक्त कार्यक्रम में 125 पौधे लगाए गए पत्रकार एकता संघ द्वारा एक लाख पौधा लगाने का लक्ष्य रखा गया है। खंड विकास अधिकारी सोंधी शाहगंज ने पत्रकार एकता संघ की काफी सराहना की और साथ ही पत्रकार एकता संघ के समस्त पदाधिकारियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे जौनपुर जिला अध्यक्ष सतीश चौहान, जिला उपाध्यक्ष विनय कुमार, वाराणसी मंडल सचिव प्रेम कुमार यादव, वाराणसी मंडल संगठन मंत्री निशानाथ, प्रकाश चौहान पत्रकार एकता संघ कार्यकारिणी सदस्य, कांस्टेबल विवेक कुमार दुबे, हीरालाल बरिष्ठ प्रवक्ता, प्रहलाद अध्यापक,भानू सिंह, सिराज अहमद, मोहम्मद अरमान व विद्यालय के समस्त अध्यापक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में राकेश कुमार शर्मा मंडल मीडिया प्रभारी वाराणसी मंडल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

अजय चौरसिया ने की उत्तर भारतीय मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक

मुंबई- अजय चौरसिया ने की उत्तर भारतीय मोर्चा मालाबार हिल विधान सभा के पदाधिकारियों के साथ बैठक जिसमे उत्तर भारतीय समाज को मजबूत बनाने के लिए कई महत्त्व पूर्ण चर्चा किये और जब तक हम लोग एक नहीं होंगे तब तक हम लोगो को तोड़ कर रखा जायेगा इस लिए हमें जरुरत है एक होकर रहना !अनिल शर्मा ,सतीश गुप्ता ने अजय जी के बातो से सहमत होकर उत्तर भारतीय समाज को एक करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगाएंगे ताकि उत्तर भारतीय समाज एक होकर सही दिशा में काम कर सके छोटेलाल शर्मा ने कहा हम मिडिया के माध्यम से उत्तर भारतीय समाज का आवाज उठाने का काम करेंगे ताकि उतर भारतीय समाज को कोई तोड़ ना पाये !

अजय ने कहा अगली बैठक जल्द किया जायेगा !

संभाजी नगर निवासी
लक्ष्मीकांत हरिराम जी खीचि
उर्फ मुन्ना खींची इनका
आकस्मिक दुखद निधन
हुआ है, विनम्र अभिवादन
भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित।।
अशोक पवार
गोपाल lilde
अध्यक्ष प्रदेश सचिव
राजस्थान प्रभारी
महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी
सेना संगठन के सभी मान्यवर
पदाधिकारी।।
पवार परिवार खंडाला
वैजापूर रोहा।।
मखाना परिवार rahta
छापर वाल परिवार संभाजी
नगर।।
Lilde परिवार telhara
राजस्थान सेन समाज
ट्रस्ट मंडल नाशिक, पुणे
नागपुर संभाजी नगर, नगर,
अमरावती
राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी
सेना के सभी मान्यवर
पदाधिकारी
प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान
एमपी इंदौर गुजरात चेन्नई
यूपी नई दिल्ली.

ई -रिक्शा चालक एवं ऑटो चालकों ने ऑटो स्टैंड पर संचालक के चुनाव प्रक्रिया का परंपरा चालू करके बनारस में मिसाल कायम किया BMF परिवहन फोरम का

सराहनीय कार्य

विश्व की सांस्कृतिक राजधानी वाराणसी को विश्व का स्मार्ट सिटी बनने से कोई रोक नहीं सकता

मैदागिन ऑटो स्टैंड संचालक के नवनिर्वाचित स्टैंड संचालक पप्पू यादव को भारतीय मीडिया फाउंडेशन नई दिल्ली सनातन राष्ट्र भारत की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

एके बिंदुसार
संस्थापक भारतीय मीडिया फाउंडेशन

वैजापूर महाराष्ट्र में विभागीय जेष्ठ नागरिक संघ के अधिवेशन के अवसर पर नांदेड़ महिला अध्यक्षा सौ गीता ताई का सम्मान करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के अध्यक्ष अशोक पवार.

नामदार अदिति ताई तटकरे को बाल कल्याण एवं महिला विकास मंत्री नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई।

अशोक पवार
अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन

पहल परिवार प्रयागराज ने लगाया रक्तदान शिविर, 13 लोगों ने किया रक्तदान

प्रयागराज – सामाजिक सरोकारों से जुड़ा संगठन पहल परिवार ने मानवता की रक्षा करने के लिए घनश्याम भाई एम डब्लू ओ के प्रेरणासे इस बार रक्तदान शिविर का आयोजन कर एक महान व पुनीत कार्य किया है।

कार्यक्रम की शुरूआत डॉ सुरेश सेन जी, एडवोकेट राजेश शर्मा व एम डब्ल्यू ओ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजीत शर्मा कमलेश शर्मा व प्रोफेसर प्रमोद शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व रक्तदान मिशन के प्रेरक एम डब्ल्यू ओ के प्रांतीय उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने सभी रक्तदाताओं को बधाई देते हुए बताया कि रक्तदान करने से शरीर पर कोई बुरा असर नहीं होता बल्कि और एक नए जोश व स्फूर्ति के साथ शरीर काम करने लगता है और रक्तदान करने से सभी बीमारियों से बचा भी जा सकता है। कार्यक्रम के आयोजक डॉ सुरेश सेन जी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज जनपद प्रयागराज में पहले ही प्रयास में हमारे 13 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर यह हमारे जनपद के गौरव को बढ़ाने व मानव जीवन को बचाने का जो सराहनीय कार्य किया है उसके लिए मैं सभी रक्तदाताओं को बहुत-बहुत बधाई देता हूं व सभी का आभार प्रकट करता हूं। रक्तदान में प्रमुख रूप से डॉक्टर सुरेश सेन, विकास चंद शर्मा, अनमोल बिंद, राकेश कुमार उर्फ सागर शर्मा,नरेंद्र कुमार शर्मा पीएचडी स्कॉलर,एडवोकेट अनुज सेन, धीरज कुमार, देवेंद्र शुक्ला,शैलेंद्र प्रताप सिंह, कमलेश शर्मा प्रधानाचार्य जी, एडवोकेट राजेश कुमार शर्मा,संजय शर्मा सिंगर,राजेश कुमार शर्मा मेजा प्रयागराज आदि 13 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर उपस्थित सम्मानीय लोगों में निर्मल कुमार पांडे, नीरज शर्मा, रंजीत कुमार शर्मा, विद्यार्थी अंबर, एडवोकेट संदीप कुमार शर्मा, एडवोकेट सत्य प्रकाश शर्मा, रोहित नंदवंशी, व जनपद प्रतापगढ़ एम डब्ल्यू ओ के जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com